Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No. _____
(In words)

N 0 5 8 1 7

PAPER - II
LAW

Time : 1¼ hours] **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **32**

Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   उदाहरण : ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

LAW

PAPER - II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and answer using the code given below :

Assertion (A) : The preamble to the constitution of India clearly indicates the ideals set before the Nation.

Reason (R) : The ideals set before the Nation are Justice, Equity, Fraternity of the individual and unity and integrity of the Nation.

Code :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false

(4) **(A)** is false but **(R)** is true

2. Arrange the following leading cases in order, pronounced by the Supreme Court by using the code given below :

(a) Selvi v. State of Karnataka

(b) Official Liquidator v. Dayananda

(c) I.R. Coelho v. State of Tamil Nadu

(d) P.A. Inamdar v. State of Maharastra

Code :

(1) (d), (a), (c), (b)

(2) (d), (c), (b), (a)

(3) (c), (b), (d), (a)

(4) (b), (c), (d), (a)

विधि

प्रश्न-पत्र - II

नोट : इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

   अभिकथन (A) : भारत के संविधान की प्रस्तावना में राष्ट्र के समक्ष निर्धारित किए गए आदर्शों को सुस्पष्ट रूप में दर्शाया गया है।

   तर्क (R) : राष्ट्र के समक्ष निर्धारित किए गए आदर्श व्यक्ति के प्रति न्याय, समानता, भ्रातृत्व और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता हैं।

   कूट :

   (1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

   (2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

   (3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

   (4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

2. नीचे दिए गए कूट की सहायता से निम्नलिखित अग्रणी मामलों को, उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनाए गए निर्णय के क्रम में व्यवस्थित करें :

   (a) सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य

   (b) शासकीय परिसमापक बनाम दयानंद

   (c) आई.आर. कोलहो बनाम तमिलनाडु राज्य

   (d) पी.ए. इनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य

   कूट :

   (1) (d), (a), (c), (b)

   (2) (d), (c), (b), (a)

   (3) (c), (b), (d), (a)

   (4) (b), (c), (d), (a)

3. Which of the following statement is correct ?

(1) The Fundamental Duties are mandatory on all the persons

(2) The Fundamental Duties have always been a part of the Constitution of India

(3) The Fundamental Duties have been added through an amendment to the Constitution of India

(4) The Fundamental Duties can be enforced by Writs

4. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and answer using the code given below :

Assertion (A) : No person is eligible for appointment as Governor unless he is a citizen of India and has completed the age of Thirty Five Years.

Reason (R) : He is debarred from holding any other office of profit during his term of office.

Code :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

5. Which one of the following pairs is correctly matched with regard to the provisions of the Constitution of India ?

(1) Art 352.... Effect of proclamation of Emergency

(2) Art 353....Application of provisions relating to distribution of revenues while a proclamation is in operation

(3) Art 354.... Determination of executive powers of the Union, during emergency

(4) Art 355.... Duty of the Union to protect States against external aggression and internal disturbance

6. Which one of the following pairs is **not** correctly matched with regard to constitutional amendment ?

(1) The Constitution (Seventh Amendment) Act .....1956.

(2) The Constitution (Fourteenth Amendment) Act.....1962.

(3) The Constitution (Thirty First Amendment) Act.....1973.

(4) The Constitution (Forty Second Amendment) Act.....1975.

3. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) मौलिक कर्तव्य सभी व्यक्तियों के लिए आज्ञापक हैं।

(2) मौलिक कर्तव्य हमेशा से भारत के संविधान के अंग रहे हैं।

(3) मौलिक कर्तव्य भारत के संविधान में एक संशोधन के माध्यम से जोड़े गए हैं।

(4) मौलिक कर्तव्य रिट के द्वारा लागू किए जा सकते हैं।

4. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : कोई भी व्यक्ति राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं है जब तक कि वह भारत का एक नागरिक नहीं हो और उसने पैंतीस वर्षों की आयु पूरी न कर ली हो।

तर्क (R) : उसे उसके कार्यकाल के दौरान लाभ के किसी अन्य पद का धारण करने से विवर्जित किया गया हो।

कूट :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म भारत के संविधान के उपबंधों के संबंध में सुमेलित है?

(1) अनुच्छेद 352.... आपातकाल की उद्घोषणा का प्रभाव

(2) अनुच्छेद 353.... उद्घोषणा के प्रचालन में रहने के समय राजस्व के वितरण से संबंधित उपबंधों का लागू होना

(3) अनुच्छेद 354.... आपातकाल के दौरान संघ की कार्यकारी शक्तियों का निर्धारण

(4) अनुच्छेद 355.... बाह्य आक्रमण एवं आंतरिक उपद्रव के प्रति राज्यों की रक्षा करने का संघ का कर्तव्य

6. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म संवैधानिक संशोधन के संबंध में सुमेलित **नहीं** है?

(1) संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम .....1956.

(2) संविधान (चौदहवां संशोधन) अधिनियम.....1962.

(3) संविधान (इकतीसवां संशोधन) अधिनियम .....1973.

(4) संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम .....1975.

7. Match **List-I** with **List-II** and give the correct answer by using the code given below the lists :

	List-I		**List-II**
(a)	The principles of constructive resjudicata are also applicable to writ petition	(i)	Woman's Education Trust V. State of Haryana
(b)	Writ petition dismissed for want of prosecution can be restored	(ii)	M. Nagabhushana V. State of Karnataka
(c)	Direction given by the High Court under Article 226 cannot be altered by the State Government	(iii)	Ratan Singh V. State of Rajasthan
(d)	The disposal of several writ petitions in a batch by a single order would be permissible if facts of all cases are similar or almost similar	(iv)	V. Porukutty Mannadissior V. State of Kerala

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)

8. "Judges do not make law, but only declare what has always been law." This statement is of :

(1) Salmond (2) Blackstone (3) Willis (4) Allen

9. Which of the following statements is/are correct in regard to a valid custom ?

(a) The custom has to possess a sufficient measure of antiquity.

(b) The custom must have been enjoyed 'as of right'.

(c) The custom need not to be consistent with other custom in the same area.

(d) The custom must be certain and precise.

Code :

(1) Only (a) and (b) are correct. (2) Only (a), (b) and (c) are correct.

(3) Only (a), (b) and (d) are correct. (4) (a), (b), (c) and (d) all are correct.

7. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

	सूची-I		**सूची-II**
(a)	आन्वयिक पूर्व न्याय के सिद्धांत रिट याचिकाओं पर भी लागू होते हैं।	(i)	महिला शिक्षा न्यास बनाम हरियाणा राज्य
(b)	अभियोजन के अभाव में खारिज़ की गई याचिका बहाल की जा सकती है।	(ii)	एम. नागभूषण बनाम कर्नाटक राज्य
(c)	अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्देश राज्य सरकार द्वारा नहीं परिवर्तित किया जा सकता।	(iii)	रतन सिंह बनाम राजस्थान राज्य
(d)	एक एकल आदेश द्वारा कई रिट याचिकाओं का एक बैच में निपटान करने की उस स्थिति में अनुमति होगी जबकि सभी मामलों के तथ्य एक समान या लगभग एक समान हों।	(iv)	वी. पोरूकुट्टी मन्नादीश्वर बनाम केरल राज्य

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)

8. ''न्यायाधीश कानून नहीं बनाते हैं, बल्कि जो हमेशा से कानून रहा है सिर्फ उसकी घोषणा करते हैं।'' यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?

(1) साल्मण्ड (2) ब्लैकस्टोन (3) विलिस (4) एलेन

9. विधिमान्य रूढ़ि के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) रूढ़ि में पर्याप्त पुरातनता होनी चाहिए।

(b) रूढ़ि का 'अधिकार' के रूप में पालन करना चाहिए।

(c) रूढ़ि का उसी क्षेत्र का किसी अन्य रूढ़ि के साथ संगति आवश्यक नहीं है।

(d) रूढ़ि आवश्यक रूप से निश्चित और ठोस होनी चाहिए।

कूट :

(1) सिर्फ (a) और (b) सही हैं। (2) सिर्फ (a), (b) और (c) सही हैं।

(3) सिर्फ (a), (b) और (d) सही हैं। (4) (a), (b), (c) और (d) सभी सही हैं।

10. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the code given below :

	List-I (Theory)		**List-II (Jurist)**
(a)	Scientific Positivism	(i)	Herbert Spencer
(b)	Social Solidarity	(ii)	Gierke
(c)	Organic Theory of Society	(iii)	Auguste Compte
(d)	Theory of reality of group personality	(iv)	Duguit

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(iv)	(ii)	(iii)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(4)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

11. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the code given below :

	List-I		**List-II (Jural correlatives)**
(a)	Right	(i)	Liability
(b)	Privilege	(ii)	Disability
(c)	Power	(iii)	Duty
(d)	Immunity	(iv)	No-right

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(4)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)

12. "Ownership denotes the relation between a person and an object forming the subject-matter of his ownership." This observation was made by :

(1) Salmond (2) Pound (3) Holland (4) Savigny

10. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I **(सिद्धांत)**		**सूची-II** **(विधिवेत्ता)**
(a)	वैज्ञानिक प्रत्यक्षवाद	(i) हर्बर्ट स्पेंसर
(b)	सामाजिक एकजुटता	(ii) जार्यके
(c)	समाज का सावयव सिद्धांत	(iii) अगष्टे कॉम्प्टे
(d)	सामूहिक व्यक्तित्व की वास्तविकता का सिद्धांत	(iv) डुगिट

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(iv)	(ii)	(iii)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(4)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

11. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I		**सूची-II** **(विधिगत सहसंबंध)**
(a)	अधिकार	(i) देयता
(b)	विशेषाधिकार	(ii) निर्योग्यता
(c)	शक्ति	(iii) कर्त्तव्य
(d)	उन्मुक्ति	(iv) कोई अधिकार नहीं

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(4)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)

12. ''स्वामित्व किसी व्यक्ति और किसी वस्तु के बीच उस संबंध को इंगित करता है जो उस व्यक्ति के स्वामित्व की विषय-वस्तु बनता है।'' निम्नलिखित में से किसने यह टिप्पणी की थी ?

(1) साल्मंड (2) पाउण्ड (3) हॉलैंड (4) सेविनी

13. Read the following statements and give the correct answer by using the code given below :

Assertion (A) : A perfect duty is one which a person not merely ought to perform, but may be justly compelled to perform.

Reason (R) : A perfect duty is one which is not merely recognised by law but enforceable.

Code :

(1) **(A)** and **(R)** both are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(2) **(A)** and **(R)** both are correct and **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is correct but **(R)** is wrong.

(4) **(A)** is wrong but **(R)** is correct.

14. In which of the following cases Judge Alvarez has aptly remarked, "The fundamental principles of international law are passing through a serious crisis and this necessitates its reconstruction. A new international law is developing which embodies not only this reconstruction but also some entirely new elements" ?

(1) Anglo - Norwegian Fisheries Case

(2) Aegean Sea Continental Shelf Case

(3) Conditions of admission of a State to the United States

(4) International Status of South West Africa

15. Which of the following statement/statements is/are not correct ?

(a) The words 'International Law' were used for the first time by eminent British Jurist, Jermy Bentham in 1780.

(b) J.S. Starke has remarked that international law is a "living and expanding code."

(c) Prof. Oppenheim has remarked that international law is the vanishing point of jurisprudence.

(d) Holland has viewed that International law is mere a positive morality.

Code :

(1) Only (c) is incorrect.

(2) (a) and (d) both are incorrect.

(3) (b), (c) and (d) are only incorrect.

(4) (a), (b), (c) and (d) all are incorrect.

13. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : एक परिपूर्ण कर्त्तव्य वह है जिसे किसी व्यक्ति द्वारा किए जाने की मात्र अपेक्षा रखे जाने के बजाय उसे उस कर्तव्य को निभाने के लिए न्यायसंगत तरीके से मजबूर किया जाए।

तर्क (R) : एक परिपूर्ण कर्तव्य वह है जो कानून द्वारा मान्य मात्र न हो बल्कि प्रवर्तनीय हो।

कूट :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

14. निम्नलिखित में से किस मामले में जज अलवरेज ने ठीक ही टिप्पणी की, "अंतर्राष्ट्रीय विधि के मौलिक सिद्धांत एक गंभीर संकट से गुजर रहे हैं और इससे इसका पुनर्अर्थान्वयन आवश्यक हो जाता है। एक नई अंतर्राष्ट्रीय विधि विकसित हो रही है जिसमें न केवल यह पुनर्अर्थान्वयन सन्निविष्ट हो रहा है बल्कि कुछ पूरी तरह नए तत्व भी''?

(1) आंग्लो-नार्वे फिशरी मामला

(2) एजियन सी (समुद्र) कांटिनेंटल शेल्फ मामला

(3) एक स्टेट को यूनाइटेड स्टेट्स में शामिल होने की शर्तें

(4) दक्षिण पश्चिम अफ्रीका की अंतर्राष्ट्रीय हैसियत

15. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

(a) शब्द, 'अंतर्राष्ट्रीय विधि' का पहली बार प्रसिद्ध ब्रिटिश विधिवेत्ता, जर्मी बेंथम द्वारा 1780 में इस्तेमाल किया गया था।

(b) जे.एस. स्टार्क ने टिप्पणी की कि अंतर्राष्ट्रीय विधि एक "प्रवृत्त एवं विस्तारशील संहिता" है।

(c) प्रोफेसर ओपेनहेम ने टिप्पणी की है कि अंतर्राष्ट्रीय विधि, विधि-शास्त्र की लोपी बिंदु है।

(d) हॉलैंड ने माना है कि अंतर्राष्ट्रीय विधि केवल एक वस्तुपरक नीति है।

कूट :

(1) केवल (c) गलत है।

(2) (a) और (d) दोनों गलत हैं।

(3) केवल (b), (c) और (d) गलत हैं।

(4) (a), (b), (c) और (d) सभी गलत हैं।

16. Which of the following is **not** a theory of relationship between international law and municipal law ?

(1) Specific Adoption Theory

(2) Delegation Theory

(3) Declaratory Theory

(4) Monism

17. Match **List-I** with **List-II** and give the correct answer by using the code given below the lists :

List-I		**List-II**	
(a)	Decision given by the Permanent Court of Arbitration	(i)	The Right of Minorities in the upper Silesia (Minority schools)
(b)	The principle/doctrine of Forum Prorogatum was enunciated in the case	(ii)	Pious Fund case
(c)	A leading case on "reprisal " is :	(iii)	The Asylum(Colombia v. Peru) case
(d)	Case decided by International Court of Justice under 'Contentious Jurisdiction'	(iv)	Naulilaa Incident

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(4)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

18. Which of the following cases are **not** related to "recognition" ?

(a) Civil Air Transport Incorporated Co. v. Central Air Transport Corporation

(b) The Azantzazu Mendi case

(c) Barcelona Traction case

(d) United States v. Schooner

Code :

(1) Only (d)

(2) (a), (b) and (c) only

(3) (c) and (d) both

(4) (a), (b), (c) and (d) all

16. निम्नलिखित में से कौन अंतर्राष्ट्रीय विधि और राष्ट्रीय विधि के बीच के संबंध का एक सिद्धांत **नहीं** है ?

(1) विशिष्ट अंगीकरण सिद्धांत
(2) प्रत्यायोजन सिद्धांत
(3) घोषणात्मक सिद्धांत
(4) एकत्ववाद

17. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I	**सूची-II**
(a) माध्यस्थम के स्थायी न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय	(i) अपर सिलेसिया में अल्पसंख्यकों का अधिकार (अल्पसंख्यक विद्यालय)
(b) मामले में फोरम प्रोरोगेटम का सिद्धांत प्रतिपादित किया गया था	(ii) धार्मिक निधि मामला
(c) "प्रतिशोध" पर एक अग्रणी मामला पर क्या है :	(iii) शरण (कोलम्बिया बनाम पेरू) मामला
(d) 'प्रतिविरोधात्मक अधिकारिता' के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा निर्णीत मामला	(iv) नौलीलॉ घटना

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(4)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

18. निम्नलिखित में से कौन-से मामले "मान्यता" से संबंधित **नहीं** हैं ?

(a) सिविल एयर ट्रांसपोर्ट निगमित कम्पनी बनाम सेंट्रल एयर ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन
(b) अजंतजाजु मेंडी केस
(c) बार्सीलोना ट्रैक्शन केस
(d) यूनाइटेड स्टेट्स बनाम श्कुनर

कूट :

(1) केवल (d)
(2) (a), (b) और (c) केवल
(3) (c) और (d) दोनों
(4) (a), (b), (c) और (d) सभी

19. Which of the following statement/statements is/are correct ?

(a) The most important purpose of the United Nations is to maintain international peace and security.

(b) The principles of the United Nations are provided under Article 2 of the U. N. Charter.

(c) Section 6 of the U. N. Charter provides for provisions to withdraw of a Member-Slate from the United Nations.

(d) There are five (5) principal organs of the United Nations.

Code :

(1) Only (a) is correct. (2) (a), (b) and (c) are correct.

(3) (a), (b), (c) and (d) all are correct. (4) Only (a) and (b) are correct.

20. In which of the following cases the Supreme Court held that "it is now well established that in the absence of any rule of Hindu Law, the court have authority to decide cases on the principle of justice, equity and good conscience" ?

(1) Gurunath v. Kamlabai (2) Lohar Amrit v. Doshi Janti Lal

(3) Sarastivali v. Jagadammbai (4) Munna Lal v. Rajkumar

21. Match **List-I** with **List-II** and indicate the correct answer using the code given below :

List-I	**List-II**
(a) Vishwanath Agrawal vs Sarla Agrawal	(i) Divorce by mutual consent
(b) Geeta Maugalani v Jagdesh Maugalani	(ii) Saptapadi
(c) Manish Goel v Rohni Goel	(iii) Cruelty
(d) Vishnu Prakash v Sheela Devi	(iv) Desertion

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(2)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(3)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(4)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)

22. A Hindu Contracting Second Marriage during pendancy of appeal against the decree of divorce is :

(1) Valid (2) Invalid (3) Factum valid (4) Void

19. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) संयुक्त राष्ट्र-संघ का सबसे अधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना है।

(b) संयुक्त राष्ट्र-संघ के सिद्धांत यू.एन. चार्टर के अनुच्छेद 2 के अंतर्गत दिए गए हैं।

(c) यू.एन. चार्टर की धारा 6 में एक सदस्य-राष्ट्र को संयुक्त राष्ट्र-संघ से हटाने के उपबंध दिए गए हैं।

(d) संयुक्त राष्ट्र-संघ के पांच (5) प्रधान अंग हैं।

कूट :

(1) केवल (a) सही है। (2) (a), (b) और (c) सही हैं।

(3) (a), (b), (c) और (d) सभी सही हैं। (4) केवल (a) और (b) सही हैं।

20. निम्नलिखित मामलों में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि ''अब यह सुस्थापित है कि हिन्दू विधि में किसी संदर्भ में किसी नियम के न होने पर न्यायालय के पास अधिकार है कि वह मामलों का न्याय, साम्य और सद्विवेक के सिद्धांत पर निर्णय करे'' ?

(1) गुरुनाथ बनाम कमला बाई (2) लोहार अमृत बनाम दोशी जानती लाल

(3) सरस्तीभाली बनाम जगदाम्मबाई (4) मुन्ना लाल बनाम राज कुमार

21. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I	**सूची-II**
(a) विश्वनाथ अग्रवाल बनाम सरला अग्रवाल	(i) आपसी सहमति से विवाह-विच्छेद
(b) गीता मौगालिनी बनाम जगदीश मौगालिनी	(ii) सप्तपदी
(c) मनीष गोयल बनाम रोहिणी गोयल	(iii) निर्दयता
(d) विष्णु प्रकाश बनाम शीला देवी	(iv) अभित्यजन

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(2)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(3)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(4)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)

22. किसी हिन्दू द्वारा विवाह-विच्छेद की डिक्री के विरूद्ध की गई अपील की लम्बितता के दौरान दूसरा विवाह करना निम्नलिखित में से क्या है ?

(1) वैध (2) अवैध (3) फैक्टम वैलिड (4) शून्य

23. A Married Hindu Contracting Second Marriage after professing Islam, would be guilty of offence punishable under :

(1) Section 17 HM Act 1955 only

(2) Section 494 IPC only

(3) Section 17 HM Act read with S.494 IPC

(4) Neither S.17 nor S.494.IPC

24. Which is **not** the modern source of Hindu Law ?

(1) Precedent (2) Legislation

(3) Dharamshastra (4) Justice, equity and good conscience

25. In which of the following case, the Supreme court held that "Triple Talaq" would be treated as a "Single Talaq" and **not** a valid talaq ?

(1) Bai Tahira Case (2) Fazlunbi Case

(3) Mohd Ahmad Khan Case (4) Shamim Ara Case

26. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and answer by using code given below :

Assertion (A) : An agreement would be void if both the parties to the agreement were under a mistake as to a matter of fact not essential to the agreement.

Reason (R) : Because Section 20 of the Indian Contract Act so provides.

Code :

(1) **(R)** is correct , but **(A)** is incorrect.

(2) **(A)** is correct, but **(R)** is incorrect.

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct.

(4) Both **(A)** and **(R)** are incorrect.

27. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the code given below :

List-I	**List-II**
(a) Lapse of offer	(i) Week v. Tybald
(b) General offers	(ii) Henthon v. Fraser
(c) Communication of proposal	(iii) Coffee Board v. CCT
(d) Implied proposal	(iv) Lalman Shukla v. Gauri Datt

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(2)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

23. मुस्लिम धर्म अपनाने के पश्चात् दूसरा विवाह करने वाला विवाहित हिन्दू निम्नलिखित में से किसके अंदर दण्डनीय अपराध का दोषी होगा ?

(1) एच एम एक्ट 1955 की धारा 17 केवल

(2) आई पी सी की धारा 494 केवल

(3) आई पी सी की धारा 494 के साथ पठित एच एम एक्ट की धारा 17

(4) न आई पी सी की धारा 17 और न ही आई पी सी की धारा 494

24. निम्नलिखित में से कौन-सा हिन्दू विधि का आधुनिक स्रोत **नहीं** है ?

(1) पूर्वोदाहरण (2) विधान

(3) धर्मशास्त्र (4) न्याय, साम्य और सद्विवेक

25. निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित किया कि "तीन तलाक" को "एक तलाक" माना जाएगा और वैध तलाक नहीं माना जाएगा ?

(1) बाई ताहिरा केस (2) फ़जलुनबी केस

(3) मो. अहमद खान केस (4) शमीम आरा केस

26. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : एक करार उस परिस्थिति में शून्य होगा जब करार के दोनों ही पक्षकार, तथ्य की एक ऐसी बात के प्रति भूल के अधीन थे जो करार में आवश्यक नहीं थी।

तर्क (R) : क्योंकि भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 20 में इस तरह का उपबंध किया गया है।

कूट :

(1) **(R)** सही है लेकिन **(A)** गलत है।

(2) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

27. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I	**सूची-II**
(a) ऑफर व्यपगत होना	(i) वीक बनाम टिबॉल्ड
(b) सामान्य ऑफर	(ii) हेंथन् बनाम फ्रेजर
(c) प्रस्ताव का सम्प्रेषण	(iii) कॉफी बोर्ड बनाम सीसीटी
(d) विवक्षित प्रस्ताव	(iv) लालमन शुक्ला बनाम गौरी दत्त

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(2)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

28. "Consideration is the recompense given by the party contracting to the other" :

Above definition is attributed to _____.

(1) Pollock
(2) Justice Patterson
(3) Cheshire and Fifoot
(4) Blackstone

29. Which of the following statement is correct ?

(1) Acceptance may be made in the manner prescribed or indicated by the offerer.
(2) Acceptance has to be made in the manner prescribed or indicated by the offeree.
(3) Acceptance has to be made in the manner prescribed or indicated by the offerer.
(4) Acceptance need not be made in the manner prescribed or indicated by the offerer.

30. In which of the following cases law of frustration was applied ? Answer using code given below :

(a) Paradine v. Jane
(b) Taylor v. Caldwell
(c) Krell v. Henry
(d) Cricklewood Property and Investment Trust Ltd. v. Leighton's Investment Trust Ltd.

Code :

(1) (a) only
(2) (a) and (b) only
(3) (a), (b) and (c) only
(4) (a), (b) ,(c) and (d)

31. Which one of the following cases enshrine the present position of the doctrine of public policy in India ?

(1) Ramchand Hirachand v. Askar Nawaz Jung
(2) Gherulal Parakh v. Mahadeodas
(3) Muniammal v. Raja
(4) Geeta Satish Gokarna v. Satish Shankarrao Gokarna

28. ''प्रतिफल दूसरे को संविदा देने वाले पक्षकार द्वारा दी जाने वाली पुन:प्रतिपूर्ति है।''

उपर्युक्त परिभाषा किन्होंने दी थी :

(1) पोलॉक (2) जस्टिस पैटरसन

(3) चेशॉयर एवं फिफूट (4) ब्लैकस्टोन

29. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) स्वीकृति प्रस्तावक (ऑफरर) द्वारा विहित या निर्दिष्ट रीति में की जा सकती है।

(2) स्वीकृति ऑफर प्राप्त करने वाले द्वारा विहित या निर्दिष्ट रीति में की जानी होती है।

(3) स्वीकृति प्रस्तावक (ऑफरर) द्वारा विहित या निर्दिष्ट रीति में की जानी होती है।

(4) स्वीकृति प्रस्तावक (ऑफरर) द्वारा विहित या निर्दिष्ट रीति में की जाने की जरूरत नहीं होती है।

30. निम्नलिखित में से किस मामले में असंभवता का सिद्धांत लागू किया गया था? नीचे दिए गए कूट का इस्तेमाल करके उत्तर दें :

(a) पाराडीन बनाम जेन

(b) टेलर बनाम काल्डवेल

(c) क्रेल बनाम हेनरी

(d) क्रिक्लवुड प्रोपर्टी और इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लि. बनाम लेटन्स इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लि.

कूट :

(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (b)

(3) केवल (a), (b) और (c) (4) (a), (b) ,(c) और (d)

31. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत में लोक नीति के सिद्धांत की वर्तमान स्थिति प्रतिष्ठापित की गई है?

(1) रामचंद हीराचंद बनाम अस्कर नवाज जंग

(2) घेरूलाल पारख बनाम महादेवदास

(3) मुनियाम्मल बनाम राजा

(4) गीता सतीश गोकर्ण बनाम सतीश शंकरराव गोकर्ण

32. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and answer using code given below :

Assertion (A) : A contract is a property in the nature of a promise supported by some consideration upon which either the remedy of specific performance or that of damages is available.

Reason (R) : Above principle is laid down in Sunrise Associates v. Govt. of NCT of Delhi.

Code :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct.

(2) Both **(A)** and **(R)** are incorrect.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is incorrect.

(4) **(R)** is correct, but **(A)** is incorrect.

33. Which of the following statement/s is/are correct ? Answer by using the code below :

(a) In tort duty is imposed by law and is owed to the community at large.

(b) A tort is founded upon consent of parties.

(c) A tort is civil wrong for which the remedy is a common law action for liquidated damages.

(d) In tort 'motive' for the violation of right is immaterial.

Code :

(1) Only (a) is correct. (2) (a) and (b) are correct.

(3) (a), (b) and (c) are correct. (4) (a), (b), (c) and (d) are correct.

34. Match **List-I (Name of defence)** with **List-II (Related case)** and give the answer by using the code given below :

List-I	**List-II**
(a) Plaintiff a wrongdoer	(i) Nichols v. Marsland
(b) Act of God	(ii) Bird v. Holbrook
(c) Inevitable accident	(iii) Consolidated Co. v. Curtis
(d) Mistake	(iv) Stanley v. Powell

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

32. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : संविदा कुछ प्रतिफल द्वारा समर्थित वचन के स्वरूप का एक स्वत्व है जिसके ऊपर या तो विशिष्ट निष्पादन का उपचार या उसका हर्जाना उपलब्ध होता है।

तर्क (R) : उपर्युक्त सिद्धांत सनराइज एसोशिएट्स बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार में निर्धारित किया गया है।

कूट :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(R)** सही है, लेकिन **(A)** गलत है।

33. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ? नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

(a) अपकृत्य में ड्यूटी विधि द्वारा अधिरोपित की जाती है और व्यापक रूप में समुदाय देनदार होता है।

(b) अपकृत्य पक्षकारों की सहमति पर आधारित होता है।

(c) एक अपकृत्य सिविल गलती होती है जिसके लिए उपचार, परिनिर्धारित नुकसानियों के लिए निर्णयज विधिगत कार्रवाई होती है।

(d) अपकृत्य में, अधिकार के उल्लंघन के लिए 'हेतु' तत्वहीन होता है।

कूट :

(1) केवल (a) सही है।

(2) (a) और (b) सही हैं।

(3) (a), (b) और (c) सही हैं।

(4) (a), (b), (c) और (d) सही हैं।

34. **सूची-I (प्रतिपाद का नाम)** को **सूची-II (संबंधित केस)** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I	**सूची-II**
(a) वादी, एक दोषकर्ता	(i) निकोलस बनाम मॉसलैंड
(b) देवकृत	(ii) बर्ड बनाम हॉलब्रुक
(c) अपरिहार्य दुर्घटना	(iii) कन्सोलिडेटेड कम्पनी बनाम कर्टिस
(d) भूल	(iv) स्टेनले बनाम पॉवेल

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

35. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and give correct answer with the help of code given below :

Assertion (A) : The relations of partners *inter se* is that of principal and agent.

Reason (R) : The rules of the law of agency does not apply in case of their liability.

Code :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is right but **(R)** is wrong

(4) **(A)** is wrong but **(R)** is right

36. A servant is engaged by the master under _____.

(1) Contract of service (2) Contract for services

(3) Contract from services (4) Contract in services

37. Match **List-I (Name of Rule)** with **List-II (Related case)** and give correct answer by using code given below :

	List-I		**List-II**
(a)	Last opportunity	(i)	Bernina Mills v. Armstrong
(b)	Apportionment of damages	(ii)	Davies v. Mann
(c)	Alternative danger	(iii)	Shyam sunder v. State of Rajasthan
(d)	Identification	(iv)	Vidya Devi v. M.P. Road Transport Corporation

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(2)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(3)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(4)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

35. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : परस्पर पार्टनर्स का संबंध, प्रिंसिपल और एजेंट का संबंध होता है।

तर्क (R) : एजेंसी के सिद्धांत का नियम उनकी देयता की दशा में नहीं लागू होता है।

कूट :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

36. मालिक द्वारा _____ के अंतर्गत सेवक परिनियोजित किया जाता है।

(1) सेवा की संविदा
(2) सेवाओं के लिए संविदा
(3) सेवाओं से संविदा
(4) सेवाओं में संविदा

37. **सूची-I (नियम का नाम)** को **सूची-II (संबंधित केस)** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

सूची-I		**सूची-II**	
(a)	अंतिम अवसर	(i)	बर्नीना मिल्स बनाम आर्म्सस्ट्रॉंग
(b)	नुकसान का प्रभाजन	(ii)	डेविस बनाम मॉन
(c)	आनुकल्पिक खतरा	(iii)	श्याम सुंदर बनाम राजस्थान राज्य
(d)	पहचान	(iv)	विद्या देवी बनाम म. प्र. सड़क परिवहन निगम

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(2)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(3)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(4)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

38. Which of the following is an exception to the rule of strict liability ?

(1) Defendant's own fault (2) Statutory authority

(3) Consent of third party (4) Act of defendant

39. Match the appropriate statements with that of its authors :

	Statement		**Author**
(a)	The behaviour as criminal is part of the political process	(i)	Klare H. J.
(b)	Disobedience of law may be termed as a crime	(ii)	Huda
(c)	Crime is not absolute like sin	(iii)	Terence Morris
(d)	Crime is an act committed or omitted in violation of a public law	(iv)	Blackstone

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(3)	(i)	(iv)	(ii)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

40. In the absence of any evidence as to the *mens rea,* in which of the cases the criminal liability can be fixed upon a person ?

(1) Where the consequences are not so harmful to the society.

(2) Where there is no violent presumption.

(3) The intended consequence is not injurious but conjointly injurious on other facts.

(4) Where an act is not performed wantonly.

38. निम्नलिखित में से कौन नियमबद्ध देयता के नियम का अपवाद है?

(1) प्रतिवादी की स्वयं की गलती (2) सांविधिक प्राधिकार

(3) तृतीय पक्षकार की सम्मति (4) प्रतिवादी का कृत्य

39. निम्नलिखित कथनों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित करें :

	कथन		**लेखक**
(a)	अपराधी जैसा व्यवहार होना राजनीतिक प्रक्रिया का भाग है।	(i)	क्लेयर एच.जे.
(b)	कानून का पालन न करना अपराध कहा जा सकता है।	(ii)	हुडा
(c)	अपराध पाप की तरह निरपेक्ष नहीं है।	(iii)	टेरेंस मॉरिस
(d)	अपराध वह कार्य है जो लोक विधि के उल्लंघन में किया जाता है।	(iv)	ब्लैकस्टोन

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(3)	(i)	(iv)	(ii)	(iii)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

40. *दुराशय* के रूप में किसी साक्ष्य के अभाव में किन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति को अपराध के लिए जिम्मेदारी ठहराया जा सकता है?

(1) जहाँ अपराध के परिणाम समाज के लिए उतना नुकसानदायक नहीं हों।

(2) जहाँ कोई हिंसक पूर्वधारणा न हो।

(3) अभिप्रेत परिणाम हानिकारक न हो लेकिन अन्य तथ्यों के संबंध में संयुक्त रूप से हानिकारक हो।

(4) जहाँ कोई कार्य अनियंत्रित रूप से नहीं किया गया हो।

41. In the application of the principle '*Nemo debet proeadem causa bis vexari*', what enquiries are relevant ?

(1) Whether the accused is not in jeopardy on the first indictment ?

(2) Whether there was final verdict ?

(3) Whether the previous charge was not the same as that of the present one ?

(4) Whether the statute directs not to have a second trial ?

42. Read the following statements and state where the principles of joint liability is applied instantly flowing from *mens rea* ?

(1) When he himself commits a crime.

(2) When he shares in the commission of crime.

(3) When he, with a view to the commission of crime, sets some third agency to work.

(4) When he helps the offender after commission of the crime in screening the offence.

43. Acts done in moments of delusion are protected because :

(1) By virtue of absence of free will.

(2) Lack of intelligence to distinguish between good and evil.

(3) Expediency grounds says so.

(4) Circumstances are such that they are incompatible to the existence of *Mens rea*.

44. Which of the factors are essential for fixing criminal liability on importing girls from different territory other than India for seduction ?

(1) That girl must be below the age of 21 years.

(2) That imported girl must be from Indian origin irrespective of age.

(3) That girl must be from Jammu and Kashmir or any other UN recognised country and is brought forcefully to render domestic help.

(4) That girl is on a tourist Visa and above 21 years and is likely that she will be forced to illicit intercourse.

41. *'निमो डिबिट प्रोडेम कौजा बिस वेक्सारी'* सिद्धांत का प्रयोग करने में कौन-से प्रश्न संगत होते हैं?

(1) क्या अभियुक्त पहले अभ्यारोपण पर संकट में नहीं आता है?

(2) क्या अंतिम फैसला था?

(3) क्या पिछला आरोप ठीक वैसा ही नहीं था जैसा कि वर्तमान आरोप है?

(4) क्या संविधि दूसरा विचारण करने का निर्देश नहीं देती?

42. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और बताएँ कि कहाँ संयुक्त दायित्व का सिद्धांत *आपराधिक मन:स्थिति* के तुरंत बाद उभरता है?

(1) जब व्यक्ति स्वयं अपराध को अंजाम देता है।

(2) जब वह मिलकर अपराध करता है।

(3) जब वह अपराध करने के उद्देश्य से किसी तीसरे पक्ष को नियत करता है।

(4) जब वह अपराध होने के पश्चात् अपराध को छिपाने में अपराधी की सहायता करता है।

43. संभ्रांति के क्षणों में किए गए कार्यों का इस कारण से बचाव किया जाता है :

(1) संकल्प स्वातंत्र्य के अभाव के कारण।

(2) अच्छे और बुरे के बीच अंतर करने के विवेक की कमी के कारण।

(3) कार्य साधकता आधार इसे प्रेरीत करते हैं।

(4) परिस्थितियां ऐसी होती हैं कि वे *आपराधिक मन:स्थिति* की मौजूदगी के असंगत होते हैं।

44. विलुब्ध करने हेतु भारत से इतर अन्य विभिन्न क्षेत्रों से लड़कियों को लाने के मामलों पर आपराधिक दायित्व तय करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कारक आवश्यक हैं?

(1) उस लड़की को अनिवार्य रूप से 21 वर्ष से कम की उम्र का होना चाहिए।

(2) लायी गई लड़की भारतीय मूल की होनी चाहिए भले ही उसकी उम्र कुछ भी हो।

(3) वह लड़की जम्मू-कश्मीर अथवा संयुक्त राष्ट्र से मान्यताप्राप्त किसी अन्य देश की होनी चाहिए और घरेलू काम करने के लिए बलपूर्वक लायी गयी होनी चाहिए।

(4) वह लड़की पर्यटक वीजा लेकर आयी होनी चाहिए और उसकी उम्र 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा यह संभावना होनी चाहिए कि उसे अवैध शारीरिक संबंध में धकेला जाएगा।

45. Read **Assertion (A)** and **Reason (R)** and answer using the code given below :

Assertion (A) : There is a more continuous and systematic surveillance over industrial disputes on the part of the government by resorting to compulsory adjudications as the tradition of free collective bargaining has always been weak in India .

Reason (R) : With respect to the merits and demerits of collective bargaining Vis-a-Vis compulsory adjudications there is a serious conflict and over lapping of views .

Code :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

46. Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer using the code given below the list :

	List-I		**List-II**
(a)	Food corporation of India staff union v. Food corporation of India and others	(i)	Settlements are the "live wires" of the Act for ensuring industrial peace and prosperity.
(b)	Virudhachalam v. Management of Lotus Mills	(ii)	An unregistered trade union or trade union whose registration has been cancelled has no right.
(c)	B. Srinivasa Reddy v. Karnataka water Supply and Drainage Board Employees Association	(iii)	Reflection of recent judicial trends on the interpretation of definition of industry.
(d)	Coir Board, Ernakulam, Cochin and another v. Indira Devi P.S. and others	(iv)	Norms and procedure to be followed for assessing the representative character of Trade Union by a secret ballot system.

Code :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(4)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

45. **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़ें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दें :

अभिकथन (A) : अनिवार्य न्यायनिर्णयन का सहारा लेकर सरकार की ओर से औद्योगिक विवादों के ऊपर अधिक से अधिक निरंतर एवं व्यवस्थित तरीके से निगरानी की जाती है क्योंकि भारत में स्वतंत्र सामूहिक मोल-भाव की परम्परा सदैव कमजोर रही है।

तर्क (R) : अनिवार्य न्यायनिर्णयन की तुलना में सामूहिक मोल-भाव के अवगुण और गुणागुण के संदर्भ में मतों का गंभीर विरोध और परस्पर व्याप्ति है।

कूट :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

46. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिए :

	सूची-I		**सूची-II**
(a)	भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ बनाम भारतीय खाद्य निगम एवं अन्य	(i)	औद्योगिक शांति एवं समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए परिनिर्धारण एक्ट के ''लाइव वायर्स'' होते हैं।
(b)	विरूधाचलम बनाम लोटस् मिल्स प्रबंधन	(ii)	एक अपंजीकृत ट्रेड यूनियन या ऐसा ट्रेड यूनियन, जिसका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है, को कोई अधिकार नहीं है।
(c)	बी. श्रीनिवास रेड्डी बनाम कर्नाटक जल आपूर्ति एवं निकासी बोर्ड कर्मचारी संघ	(iii)	उद्योग की परिभाषा के निर्वचन पर हाल-फिलहाल की औद्योगिक प्रवृत्तियों का प्रतिबिम्बन।
(d)	कॉयर बोर्ड, एरनाकुलम, कोचीन और अन्य बनाम इंदिरा देवी पी.एस. एवं अन्य	(iv)	गुप्त मत-पत्र प्रणाली द्वारा ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधिक स्वरूप का आकलन करने के लिए अपनाए जाने वाले मानदंड और कार्यविधि।

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(2)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(3)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(4)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

47. Which one of the following is wrong ?

(1) The right to strike or declare lock-out may be controlled or restricted by appropriate industrial legislation.

(2) The conciliation officers under the industrial disputes Act are charged with the duty of adjudication of disputes.

(3) An interim award is like a preliminary decree within the meaning of Section 2 (2) of Code of Civil Procedure.

(4) The Works Committee is not authorised to consider real or substantial changes in the conditions of service.

48. The Fifth Schedule, under the Industrial Disputes Act contains several unfair labour practices. In which of the conditions of category I, it is required to establish that Employer Sponsored Trade Union of workmen is said to be Unfair Labour Practice ?

(1) Employees or their Trade Union (2) Employee only

(3) Employers or their Trade Union (4) Employer and Employee Collectively

49. When a party to dispute under the Industrial Disputes Act is prevented from appearing at the hearing, due to sufficient cause and is faced with *exparte* award, the Industrial Tribunal has :

(1) no power to set aside the *exparte* award.

(2) only duty to set aside the *exparte* award.

(3) both power and duty to set aside the *exparte* award which is based on the rule of statutory construction.

(4) express provision in the Act or rules giving the tribunal the jurisdiction to set aside the award.

50. "The concept of compulsory adjudication of industrial disputes was statutorily ushered with a view to providing a forum and compelling the parties to resort to the forum for arbitration, so as to avoid confrontation and dislocation in industry."

The above observation was made by one of the justice in a case decided by the Supreme Court :

(1) Justice V.R. Krishna Iyer (2) Justice O. Chinnappa Reddy

(3) Justice Desai (4) Justice Gajendragadkar

- o O o -

47. निम्नलिखित में से कौन गलत है?

(1) हड़ताल करने या लॉक-आउट घोषित करने के अधिकार पर उपयुक्त औद्योगिक विधान के द्वारा नियंत्रण या निर्बंधन किया जा सकता है।

(2) औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत सुलह अधिकारियों को विवादों के न्यायनिर्णयन के कर्तव्य का प्रभार दिया जाता है।

(3) एक अंतरिम अवार्ड सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 2 (2) के अर्थ के भीतर एक प्रारंभिक डिक्री के सदृश होता है।

(4) वर्क्स कमिटी सेवा की शर्तो में वास्तविक या सारभूत परिवर्तनों पर विचार करने के लिए अधिकृत नहीं होती है।

48. औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत पांचवी अनूसूची में कई अनुचित श्रम आचरण दिए गए हैं। श्रेणी I की किस शर्त में यह स्थापित करना अपेक्षित है कि नियोक्ता प्रायोजित वर्कमेन ट्रेड यूनियन अनुचित श्रम आचरण कहे जाते हैं ।

(1) कर्मचारी या उनके ट्रेड यूनियन (2) केवल कर्मचारी

(3) नियोक्ता या उनके ट्रेड यूनियन (4) नियोक्ता और कर्मचारी सामूहिक रूप में

49. जब औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत विवाद उठाने वाले किसी पक्ष को पर्याप्त कारण से सुनवाई के दौरान उपस्थित होने से रोका जाता है और उसे एकपक्षीय निर्णय का सामना करना पडता है, तो औद्योगिक न्यायाधिकरण के पास निम्नलिखित में से क्या होता है?

(1) एकपक्षीय निर्णय अपास्त करने का कोई अधिकार नहीं होता है।

(2) एकपक्षीय निर्णय को अपास्त करने का सिर्फ दायित्व होता है।

(3) एकपक्षीय निर्णय को अपास्त करने का अधिकार और कर्त्तव्य दोनों होता है जो सांविधिक निर्वचन के नियम पर आधारित होता है।

(4) अधिनियम और नियमों में सुव्यक्त उपबंध जो न्यायाधिकरण के निर्णय को अपास्त करने का अधिकार देता है।

50. "औद्योगिक विवादों के अनिवार्य न्यायनिर्णयन की अवधारणा की शुरूआत एक मंच मुहैया कराने और पक्षों को न्यायनिर्णयन हेतु इस मंच का उपयोग करने के लिए मजबूर करने के लिए सांविधिक रूप से की गई ताकि उद्योग में टकराव और विसंधान की स्थिति से बचा जा सके?"

उपर्युक्त टिप्पणी उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत एक मामले में निम्नलिखित में से किस न्यायमूर्ति ने की थी?

(1) जस्टिस वी.आर. कृष्णा अय्यर (2) जस्टिस ओ. चिन्नप्पा रेड्डी

(3) जस्टिस देसाई (4) जस्टिस गजेन्द्रगडकर

- o O o -

Space For Rough Work